अक्षर ग्रेड के बारे में अधिक जानकारी

अनुकूलित प्रत्याशाएं (Adapted Expectations)

कुछ ई एस एल छात्रों को "अनुकूलित" प्रत्याशाओं के साथ अक्षर ग्रेड प्राप्त होते हैं। इसका अर्थ है कि छात्र ग्रेड स्तर की सामग्री पर कार्य कर रहे हैं, परंतु उन्हें कार्य तथा परीक्षा के संबंध में विशेषज्ञता वाली सहायता दी जाती है। उदाहरण के लिए, उन्हें अधिक कार्य करने का समय दिया जाता है अथवा वर्तनी या व्याकरण के लिए अंक नहीं काटे जाते।

अपूर्ण (I) तथा असफल(F) के ग्रेड

छात्र जो किसी पाठ्यक्रम को पास नहीं करते हैं उन्हें पहले तथा/अथवा दूसरे रिपोर्ट कार्ड पर I प्राप्त होगा। इन छात्रों को पास करने में मदद के लिए योजना की आवश्यकता होगी। सामान्यतः इन योजनाओं में विकल्प जैसे लंबित कार्य के लिए नई अंतिम तिथि दिया जाना शामिल होता है। यदि छात्र दिए गए समय के भीतर कार्य पूरा नहीं करते हैं तो उन्हें उनकी अंतिम रिपोर्ट कार्ड पर F दिया जाएगा।

स्टैंडिंग ग्रांटेड (SG)

SG (केवल अंतिम अंकों के लिए) तब दिया जाता है जब अपेक्षाओं को एकदम पूरा नहीं किया जाता है, परंतु छात्र को पाठ्यक्रम या कार्यक्रम के लिए क्रेडिट दिया जाता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई छात्र गंभीर रूप से बीमार है और पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर पाता है या परीक्षा नहीं दे पाता है तो उसे SG मिलेगा।

अनेक ई एस एल छात्रों को अक्षर ग्रेड नहीं प्राप्त होते। ऐसा इसलिए होता है कि:

- वे ग्रेड 3 में हैं या उससे छोटे हैं;
- उनकी अंग्रेज़ी बहुत कमजोर है;
- वे अपने ग्रेड स्तर पर अंग्रेज़ी में विषय की समझ का प्रदर्शन नहीं कर पाते।

VSB

"Letter Grades"

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारप्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada | British Columbia | WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

अक्षर (लैटर) ग्रेड

अक्षर ग्रेड किस प्रकार निर्धारित किए जाते हैं तथा उनका क्या अर्थ है?

अक्षर ग्रेडों के बारे में पूर्ण जानकारी

अक्षर ग्रेडों का निर्धारण किस प्रकार किया जाता है।

कक्षा के शिक्षक, दिए गए कार्य का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग करते हैं।

सामान्यतः यह तब शुरू होता है जब शिक्षक यह निर्णय लेता है कि उस अवधि में किन शिक्षा अर्जन के उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। तत्पश्चात् शिक्षक अर्जित शिक्षा का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न तरीकों का विकास करता है।

विभिन्न तरीके जिससे शिक्षक छात्रों का मूल्यांकन करते हैं।

* ***उन पर ध्यान देकर***
* ***कक्षा में भागीदारी के माध्यम से***
* ***रोजाना दिए जाने वाले कार्य***
* **क्विज़ तथा परीक्षाओं के माध्यम से**
* **प्रोजेक्टों के द्वारा**
* **मौखिक तथा लिखित रिपोर्टों द्वारा**
* **पैराग्राफ़ तथा निबंध द्वारा**
* **गृह कार्य द्वारा**
* **समूह कार्य द्वारा**
* **विद्यार्थी के कार्य के नमूने**

किंडरगार्टन ग्रेड 1 से 3 तक

कोई भी अक्षर ग्रेड नहीं दिए जाते हैं।

ग्रेड 4 से 12 के लिए

अक्षर ग्रेड दिए जाते हैं।

अक्षर ग्रेड तथा उनके समतुल्य

A (86-100%) उत्कृष्ट

B (73 से 85%) उत्तम

C+ (67-72%) उच्च औसत

C (60-66%)औसत

C-(50-59%)न्यूनतम उपलब्धि

I (0-49%) अपूर्ण (अवधि 1 और 2)

F(0-49%) असफल (अंतिम ग्रेड)

***, तारक, अथवा N/A (लागू नहीं)**

छात्र अभी भी ग्रेड स्तर पर कार्य नहीं कर रहा है। यह आरंभिक स्तर पर ई एस एल छात्र है।

बी०सी० शिक्षा मंत्रालय से